भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

29.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं.1772 का उत्तर

वंदे भारत रेलगाड़ियों का अधिक किराया

1772. श्री उज्जवल रमण सिंह:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वंदे भारत रेलगाड़ियों का किराया अधिक होने के कारण मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के यात्रियों को इन रेलगाड़ियों से यात्रा करने में कठिनाई होती है;

(ख) यदि हाँ, तो इस चिंता/आलोचना के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या किराया निर्धारण नीति, समावेशी और किफायती सार्वजनिक परिवहन प्रणाली संबंधी विश्व बैंक की सिफारिशों के अनुरूप है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल विभिन्न यात्री वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करती है और तदनुसार, उपनगरीय/अनुपनगरीय सामान्य रेलगाड़ी सेवाओं, मेल/एक्सप्रेस, अमृत भारत, वंदे भारत, वंदे भारत स्लीपर, नमो भारत रैपिड रेल, तेजस, हमसफर, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो और गरीब रथ सेवाओं आदि जैसी विभिन्न प्रकार की रेलगाड़ी सेवाए परिचालित करती है।

रेल मंत्रालय विभिन्न प्रकार की यात्री सेवाओं की किराया संरचना का निर्धारण करते समय सेवाओं की लागत, सेवाओं का मूल्य, प्रदत्त सेवाओं/सुविधाओं के प्रकार, वहनीयता, अन्य प्रतिस्पर्धी माध्यमों से प्रतिस्पर्धा और सामाजिक-आर्थिक महत्व आदि पर यथोचित विचार किया जाता है

फरवरी 2019 में वंदे भारत सेवाओं की शुरुआत होने के बाद से, जुलाई 2026 तक इनका विस्तार 82 मार्गों (164 रेलगाड़ी सेवाओं) पर हो चुका है।

वंदे भारत रेलगाड़ियाँ एक विशिष्ट यात्री सेवा के रूप में परिचालित होती हैं, जिनकी अपनी विशेष किराया संरचना है तथा इनमें उन्नत सस्पेंशन प्रणाली, अर्ध-उच्च गति परिचालन के साथ तीव्र त्वरण, स्वचालित प्लग दरवाजे, एर्गोनॉमिक सीटें, मिनी पेंट्री, सीसीटीवी, कवच आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

भारतीय रेल का किराया विश्व के अन्य देशों की तुलना में सबसे कम किरायों में से एक है।

पड़ोसी देशों की समान श्रेणी की सेवाओं के किराए के साथ भारतीय रेल के यात्री किराए (साधारण श्रेणी) की तुलना निम्नानुसार है:

देश	प्रति यात्री किलोमीटर लगभग न्यूनतम किराया	भारत की तुलना में
भारत	लगभग ₹ 0.20	-
पाकिस्तान	लगभग ₹ 0.54	लगभग 2.5 गुना अधिक
बांग्लादेश	लगभग ₹ 0.37	लगभग 2 गुना अधिक
श्रीलंका	लगभग ₹ 0.51	लगभग 2.5 गुना अधिक

किफायती दर को ध्यान में रखते हुए, 300 किमी से 400 किमी के बीच की यात्रा के लिए वातानुकूलित चेयर कार हेतु वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाओं की किराया संरचना लगभग 2.19 रुपए प्रति यात्री किलोमीटर है, जो चीन, जापान और फ्रांस जैसे देशों में समान श्रेणी की सेवाओं के किराए जो 7.00 रुपए से 20.00 रुपए प्रति यात्री किलोमीटर के बीच है से काफी कम है।

युक्तिसंगत किराया संरचना ने देश भर में इन सेवाओं के व्यापक विस्तार को सुगम बनाया है, जो इन सेवाओं की प्रबल यात्री मांग को दर्शाता है। वंदे भारत सेवाओं में सभी प्रमुख मार्गों पर अधिभोगिता स्तर उच्च है तथा वंदे भारत की अधिभोगिता क्षमता का लगभग 100% होना यात्री वरीयता में परिवर्तन को दर्शाता है।

भारतीय रेल प्रतिवर्ष लगभग 740 करोड़ यात्रियों को किफायती परिवहन सेवा प्रदान करती है। भारतीय रेल की किराया संरचना सामाजिक-आर्थिक कारकों पर विचार करने के साथ-साथ विश्व की विभिन्न रेल प्रणालियों द्वारा अपनाई गई संबंधित सर्वोत्तम पद्धतियों के भी अनुरूप है।

वित्त वर्ष 2024-25 में यात्री टिकटों पर दी गई कुल सब्सिडी की राशि अनंतिम रूप से 60,239 करोड़ रुपए आंकी गई है, यह रेल में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का औसतन 43 प्रतिशत है। अन्य शब्दों में, यदि सेवाएं प्रदान करने की लागत 100 रुपए है तो टिकट का मूल्य केवल 57 रुपए है। वंदे भारत रेलगाड़ियों में किराए में कोई रियायत नहीं है, बहरहाल प्रत्येक रेलगाड़ी सेवा की कुर्सीयान में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित कोटे के रूप में चार सीटें निर्धारित हैं।

*****